गुवाहाटी इलेक्ट्रिक मर्चेंट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में मानतीय राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया का अभिभाषण

दिनांक : 3 फरवरी 2024, शनिवार	समय : 12.30 AM	स्थान : पलटन बाजार, गुवाहाटी

- गुवाहाटी इलेक्ट्रिक मर्चेन्ट एसोसिएशन (जेमा) के अध्यक्ष श्री नवल किशोर सारडा जी,
- सचिव श्री साकेत राज पुगलिया जी,
- कोषाध्यक्ष श्री नवीन सेठिया जी,
- एक्स्पो के चेयरमैन श्री गोपाल पसारी जी,
- संयोजक श्री अभिषेक केजरीवाल जी,
- प्रायोजक श्री राजेश नन्दवानी जी,
- एक्स्पो में भाग ले रहे इलेक्ट्रिकल सेक्टर की विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधिगण

आप सभी को मेरा नमस्कार !

"इलेक्ट्रोफेस्ट एक्स्पो" में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। मुझे इस कार्यक्रम में आप सभी को संबोधित करने का अवसर प्रदान करने के लिए मैं गुवाहाटी इलेक्ट्रिक मर्चेन्ट एसोसिएशन को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। साथ ही इस तीन दिवसीय एक्स्पो की सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

देश में ऐसे कार्यक्रम बहुत ही कम आयोजित होते हैं, जो व्यापारिक नेटवर्किंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ व्यापारियों के बीच पारस्परिक व्यापारिक संबंध को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जाता है। यह कार्यक्रम इलेक्ट्रिकल सेक्टर के व्यवसाय और उद्योगों को बढ़ावा देने तथा निवेशकों को आकर्षित करने का एक अच्छा और सफल मंच है।

मुझे बताया गया है कि यह इलेक्ट्रिकल एक्स्पो पूर्वोत्तर की पहली और सबसे बड़ी प्रदर्शनी है। इसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड की 70 से भी अधिक इलेक्ट्रिकल कंपनियां भाग ले रही हैं, जो कि प्रशंसनीय है। मुझे विश्वास है कि एक्स्पो में प्रदर्शित इलेक्ट्रिकल सेक्टर के विभिन्न नवाचार और व्यवसाय की अपार संभावनाएं पूर्वोत्तर के ग्राहकों और व्यापारियों को आकर्षित करेंगी।

मुझे बताया गया है कि जेमा गुवाहाटी के सभी इलेक्ट्रिकल व्यापारियों का सबसे पुराना और बड़ा संगठन है। मुझे खुशी है कि 250 सदस्यों वाले यह संगठन पिछले 30 वर्षों से इलेक्ट्रिकल सेक्टर से जुड़े व्यवसाय और इसके व्यापारियों के विकास और सुधार के लिए काम कर रहा है।

संगठन व्यापारियों की बेहतरी के लिए सरकार को प्रतिनिधित्व प्रदान करने और सदस्यों के बीच निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जेमा समय-समय पर सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन करता है, जो कि व्यापारियों को जागरूक करने की दिशा में सराहनीय प्रयास है।

मित्रों,

व्यापारी समाज का सबसे बड़े सेवक होता है। हर सामाजिक कार्य में उसका योगदान रहता है। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि जेमा व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में योगदान देता है।

संगठन ने कई अनाथालयों और वृद्धाश्रमों में शुद्ध पेयजल के लिए वाटर फील्टर, विद्युतीकरण की व्यवस्था करने के अलावा आर्थिक अनुदान भी दिया है। मैं इसके लिए संगठन को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। मेरी कामना है कि संगठन देश के आर्थिक विकास के साथ सामाजिक विकास में भी अपना योगदान देता रहे।

मित्रों,

व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था और वित्तीय शक्तियों की रीढ़ हैं। देश के विकास में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लेकिन बढ़े हुए व्यापार उदारीकरण और आर्थिक विकास का तब तक कोई महत्त्व नहीं है, जब तक लोगों को इनका पूरा फायदा न मिले। इसलिए आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार वृद्धि और क्षेत्रीय विकास जैसे लक्ष्यों को पूरा करने पर भी जोर दिया जाना चाहिए।

मेरा आप सभी व्यापारियों से आग्रह है कि आप रोजगार सृजन और लोगों के सशक्तीकरण को बढ़ावा दें ताकि देश के समावेशी विकास की प्रक्रिया को और तेज किया जा सके।

मैं समझता हूं कि युवा शक्ति से व्यापारिक संगठनों को और अधिक बल मिलेगा। इसलिए मेरा आप सभी से विनम्र निवेदन है कि आप युवा उद्यमियों और व्यवसायियों का मार्ग प्रशस्त कर उन्हें प्रोत्साहित करें।

इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के युवाओं को भी सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करें।

समावेशिता की संकल्पना केवल निर्धनता मिटाना नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए अवसरों की समानता तथा आर्थिक और सामाजिक प्रगति है। यह तभी सुनिश्चित हो सकता है, जब इस हद तक सशक्तीकरण हो कि उससे एक लोकतांत्रिक राजव्यवस्था के लिए भागीदारी का सच्चा अहसास पैदा हो। पिछड़े और वंचित वर्गों का सशक्तीकरण समावेशी विकास का एक प्रमुख हिस्सा है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह एक्स्पो व्यवसायियों विशेषकर युवाओं को व्यवसाय और उद्योगों से जुड़े नई चीजे सीखने का सुअवसर प्राप्त होगा। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को सफलता के साथ आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा उद्यमिता और उद्योगों के विकास के लिए नवाचारिक विचारों का भी आदान-प्रदान होगा।

पुनः "इलेक्ट्रोफेस्ट एक्सपो" की सफलता के लिए "जेमा" को बहुत-बहुत बधाई।

धन्यवाद।

जय हिन्द।